# MP BOARD CLASS 9 EXAM 2013

## हिन्दी (विशिष्ट) : कक्षा IX

समय : 3 घण्टा ] [ पूर्णांक : 100

निर्देश– (1) आरम्भ में दिए गए वस्तुनिष्ठ प्रश्न सर्वप्रथम हल करें।

(2) प्रश्न क्रमांक 01 से 05 तक वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए 05 अंक ($1 \times 5 \times 5 = 25$) निर्धारित हैं।

(3) वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के अतिरिक्त अन्य सभी प्रश्नों में आन्तरिक विकल्प दिये गये हैं।

(4) प्रत्येक प्रश्न के अंक उसके सम्मुख अंकित हैं।

● वस्तुनिष्ठ प्रश्न

**प्रश्न 1. दिये गये विकल्पों में से सही विकल्प चुनकर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए–** **$5 \times 1 = 5$**

(अ) 'दीपदान' एकांकी में चित्तौड़ का कुलदीपक ………… है। *(कुँवर उदय सिंह/कुँवर वीरसिंह)*

(ब) कवि सुमित्रानन्दन पंत ने बचपन में छिपकर ………… बोये थे। *(पैसे/गेहूँ)*

(स) 'एक कुत्ता और एक मैना' संस्मरण के लेखक ……… हैं। *(हजारीप्रसाद द्विवेदी/विद्यानिवास मिश्र)*

(द) वीर रस का स्थायी भाव ………… है। *(शोक/उत्साह)*

(इ) ………… विलक्षण प्रतिभा के धनी थे। *(रामकृष्ण परमहंस/स्वामी विवेकानन्द)*

उत्तर–(अ) कुँवर उदय सिंह, (ब) पैसे, (स) हजारीप्रसाद द्विवेदी, (द) उत्साह, (इ) स्वामी विवेकानन्द।

**प्रश्न 2. प्रत्येक प्रश्न का सही विकल्प चुनकर लिखिए–** **$5 \times 1 = 5$**

**(अ) श्रीमती सुभद्राकुमारी चौहान का जन्म हुआ था–**

(i) मुम्बई में, (ii) काशी में, (iii) दिल्ली में, (iv) इलाहाबाद में।

**(ब) नारियल वृक्ष है–**

(i) उष्ण कटिबन्धी, (ii) शीतोष्ण कटिबन्धी, (iii) शीत कटिबन्धी, (iv) इनमें से कोई नहीं।

**(स) 'हवा से बातें करना' का अर्थ है–**

(i) बाहरी दिखावा करना, (ii) मतलब पूरा करना, (iii) अपनी प्रशंसा करना, (iv) तेज गति से भागना।

**(द) "रघुपति राघव राजाराम" में कौन-सा अलंकार है ?**

(i) उपमा अलंकार, (ii) श्लेष अलंकार, (iii) अनुप्रास अलंकार, (iv) रूपक अलंकार।

**(इ) हमारी पृथ्वी को सूर्य की परिक्रमा करने में कितने दिन लगते हैं ?**

(i) 265 दिन, (ii) 365 दिन, (iii) 360 दिन, (iv) 368 दिन।

उत्तर–(अ) (iv), (ब) (i), (स) (iv), (द) (iii), (इ) (ii).

**प्रश्न 3. सही जोड़ी मिलान कीजिए–** **$5 \times 1 = 5$**

| 'अ' | 'ब' |
|---|---|
| (अ) 'बहू की विदा' एकांकी आधारित है | (i) रामचरितमानस |
| (ब) परमेश्वर का महामन्दिर | (ii) गोपाल सिंह 'नेपाली' |
| (स) 'हिमालय पुकार रहा है' यह रचना है | (iii) सरस्वती पत्रिका |
| (द) महाकवि तुलसीदास कृत रचना | (iv) दहेज समस्या पर |
| (इ) आचार्य महावीरप्रसाद द्विवेदी | (v) समस्त विश्व |

उत्तर–(अ) → (iv), (ब) → (v), (स) → (ii), (द) → (i), (इ) → (iii).

**प्रश्न 4. सत्य/असत्य छाँटकर लिखिए–** **$5 \times 1 = 5$**

(अ) रैदास की भक्ति दास भाव की है।

(ब) हिन्दी साहित्य के उपन्यास सम्राट मुंशी प्रेमचन्द हैं।

https://www.evidyarthi.in/

(स) मीराबाई रीतिकाल की कवयित्री हैं।

(द) कपट का प्रेम में स्थान नहीं होता।

(इ) मैथिलीशरण गुप्त राष्ट्र कवि के रूप में विख्यात हैं।

उत्तर—(अ) सत्य, (ब) सत्य, (स) असत्य, (द) सत्य, (इ) सत्य।

**प्रश्न 5. निम्नलिखित प्रत्येक प्रश्न का एक शब्द या वाक्य में उत्तर दीजिए—** **5 × 1 = 5**

(अ) रावण का सचिव कौन था ?

(ब) कवि अज्ञेय किस प्रतिभा के साहित्यकार हैं ?

(स) "जिन्दगी में हिम्मत सबसे बड़ी पूँजी है।" यह कथन किसका है ?

(द) हिन्दी गद्य साहित्य का इतिहास कब से प्रारम्भ हुआ है ?

(इ) सिपाही ने अपना पत्र किसको सम्बोधित करके लिखा ?

उत्तर—(अ) माल्यवन्त, (ब) बहुमुखी प्रतिभा के, (स) विंस्टन चर्चिल, (द) आधुनिक काल से, (इ) देशवासियों को।

**प्रश्न 6.** घनानन्द की विरह वेदना को अपने शब्दों में लिखिए। **4**

***अथवा***

कवि मैथिलीशरण गुप्त ने ओस की बूँदों को लेकर क्या कल्पना की है ? पंचवटी कविता के आधार पर समझाइए।

**प्रश्न 7.** "काँटे कम से कम मत बोओ।" कविता का केन्द्रीय भाव लिखिए। **4**

***अथवा***

श्रीकृष्ण और सुदामा की मैत्री का वर्णन अपने शब्दों में कीजिए।

**प्रश्न 8.** महाकाव्य किसे कहते हैं ? किन्हीं दो महाकाव्यों के नाम लिखिए। **4**

***अथवा***

आदिकाल की दो विशेषताएँ लिखते हुए दो प्रमुख कवियों के नाम लिखिए।

**प्रश्न 9.** मानव समाज की उन्नति में कौन-कौन से तत्व बाधक रहे हैं, समझाइए। **4**

***अथवा***

स्वयंजात वन किसे कहते हैं ? भारत के स्वयंजात वन कौन-कौन से हैं ? नाम लिखिए।

**प्रश्न 10.** 'ताई' कहानी के आधार पर रामेश्वरी की चारित्रिक विशेषताओं का वर्णन कीजिए। **4**

***अथवा***

"बेटी वाले होकर हमारी मूँछें ऊँची हैं।" इस कथन का क्या अभिप्राय है ?

**प्रश्न 11.** महाराणा प्रताप के युद्ध कौशल का वर्णन पठित अंश के आधार पर कीजिए। **5**

***अथवा***

"धर्म और विज्ञान राष्ट्र उत्थान में सहयोगी हैं।" जीवनदृष्टि प्रसंग के आधार पर इस कथन को स्पष्ट कीजिए।

**प्रश्न 12.** (अ) 'अक्षि' और 'अंगुष्ठ' के तद्भव शब्द लिखो। **2**

(ब) 'अध' और 'सर' उपसर्ग लगाकर दो-दो शब्द बनाइए। **2**

(स) 'आवट' प्रत्यय लगाकर दो शब्द बनाइए। **1**

***अथवा***

(अ) "रिषीयों" और "अयोध्धा" शब्द को शुद्ध करके लिखिए।

(ब) 'देशज' शब्द को परिभाषित कीजिए।

(स) "अपने पाँव पर कुल्हाड़ी मारना" का वाक्य में प्रयोग कीजिए।

**प्रश्न 13.** (अ) मुक्तक काव्य किसे कहते हैं ? उदाहरण सहित लिखिए। **2**

(ब) उत्प्रेक्षा अलंकार का उदाहरण लिखिए। **2**

(स) कोई दो प्रमुख नाटककारों के नाम लिखिए। **1**

***अथवा***

(अ) शृंगार रस की परिभाषा लिखते हुए उसके भेद लिखिए।

(ब) दोहा छन्द के प्रत्येक चरण में कितनी-कितनी मात्राएँ होती हैं ?

https://www.evidyarthi.in/

(स) कहानी के प्रमुख दो तत्वों के नाम लिखिए।

**प्रश्न 14.** **'सुभद्राकुमारी चौहान'** ***अथवा*** **'मैथिलीशरण गुप्त' का काव्यगत परिचय निम्न बिन्दुओं के आधार पर दीजिए—** **5**

(i) दो रचनाएँ, (ii) भावपक्ष—कलापक्ष, (iii) साहित्य में स्थान।

**प्रश्न 15.** **'हजारी प्रसाद द्विवेदी'** ***अथवा*** **'रामधारी सिंह दिनकर' का साहित्यिक परिचय निम्न बिन्दुओं के आधार पर दीजिए—** **5**

(i) दो रचनाएँ, (ii) भाषा-शैली, (iii) साहित्य में स्थान।

**प्रश्न 16. निम्नलिखित पद्यांश की प्रसंग-सन्दर्भ सहित व्याख्या कीजिए—** **5**

*"झूम-झूम बदलियाँ, चूम-चूम बिजलियाँ*
*आँधियाँ उठा रही, हलचलें मचा रही*
*लड़ रहा स्वदेश हो, शांति का न लेश हो,*
*क्षुद्र जीत-हार पर यह दिया बुझे नहीं।*
*यह स्वतंत्र भावना का स्वतंत्र गान है।"*

***अथवा***

*"रहिमन धागा प्रेम का, मत तोड़ो चटकाय।*
*टूटे से फिर ना मिले, मिले गाँठ पड़ जाय॥*
*बिगरी बात बने नहीं, लाख करो किन कोय।*
*रहिमन फाटे दूध को, मथे न माखन होय॥"*

**प्रश्न 17. निम्नलिखित गद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए—** **5**

"जिस प्रकार वनों का वृक्षों से, नदियों का जल से सम्बन्ध है, उसी प्रकार नदियों का वनों से भी सम्बन्ध मानना चाहिये। वनों के रहते नदियाँ स्वत: फूट पड़ती हैं, प्रवाहित होती रहती हैं। वन नहीं रहेंगे तो नदियाँ नहीं रहेंगी। नदियों के न रहने पर हमारी संस्कृति विच्छिन्न हो जाएगी। हमारा जीवनस्रोत ही सूख जाएगा।"

***अथवा***

"इस धर्म महासभा ने जगत् के समक्ष यदि कुछ प्रदर्शित किया है तो यह है—उसने सिद्ध कर दिया है कि शुद्धता, पवित्रता और दयाशीलता किसी सम्प्रदाय विशेष की एकान्तिक सम्पत्ति नहीं है, एवं प्रत्येक धर्म ने श्रेष्ठ एवं अतिशय उन्नत चरित्र-पुरुषों को जन्म दिया है।"

**प्रश्न 18. निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर दीजिए—**

"मानव का अकारण ही मानव के प्रति अनुदार हो उठना न केवल मानवता के लिए लज्जाजनक है, वरन् अनुचित है। वस्तुत: यथार्थ मनुष्य वही है जो मानवता का आदर करना जानता है, कर सकता है। केवल इसलिए कि कोई मनुष्य बुद्धिहीन है अथवा दरिद्र, वह घृणा का तो दूर, उपेक्षा का भी पात्र नहीं होना चाहिए। मानव तो इसलिए सम्मान के योग्य है कि वह मानव है, भगवान की सर्वश्रेष्ठ रचना है।"

**प्रश्न—(i) उपर्युक्त गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक लिखिए।** **2**

**(ii) यथार्थ मनुष्य किसे कहा गया है ?** **1**

**(iii) भगवान की सर्वश्रेष्ठ रचना क्या है ?** **1**

**(iv) मानवता के लिये लज्जाजनक किसे कहा गया है ?** **1**

**प्रश्न 19.** प्राचार्य के नाम आवेदन-पत्र लिखिए जिसमें अपने भाई के विवाह में शामिल होने के लिए एक सप्ताह के अवकाश के लिए प्रार्थना की गई हो। **5**

***अथवा***

अपनी सहेली को जन्मदिन की बधाई देने हेतु पत्र लिखिए।

**प्रश्न 20. किसी एक विषय पर 250 शब्दों में निबन्ध लिखिए—** **10**

**(i)** पुस्तकालय का महत्व, **(ii)** कम्प्यूटर शिक्षा, **(iii)** मेरा प्रिय त्यौहार, **(iv)** जीवन में खेलों का महत्व।

https://www.evidyarthi.in/